ont>

Title: Need to introduce MEMU rail services on Tata Nagar-Badbil and Tata Nagar-Rourkela routes. − Laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : महोदय, टाटा नगर से राऊरकेला के बीच एवं टाटा नगर से बडबिल के बीच एक मेमू रेलवे सेवा चलाने की मांग कई वार्ो से की जा रही है और इसकी आवश्यकता भी है क्योंकि बडबिल एवं टाटा नगर दोनों ही स्टील शहर हैं, जिनको जोड़ना जरूरी है। इस रेलवे मार्ग पर खनिज का अपार भंडार है और उन पर खनन कार्य चल रहा है। यहां पर एक ही एक्सप्रेस रेलवे सेवा है जो यहां के स्थानीय लोगों की मांग को पूरा नहीं करती है क्योंकि यहां पर यातायात के साधन बहुत ही सीमित हैं। इन रेलवे सेवाओं से आदिवासी एवं कोलायान क्षेत्र के विकास में सहायता मिलेगी।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों रेलवे सेवाओं को जल्द से जल्द चलाया जाये।